दिन– शनिवार

दिनांक– 09 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. वायु सेना प्रमुख ए. पी. सिंह ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पांच लड़ाकू विमानों सहित छह पाकिस्तानी विमान मार गिराए।

02. निर्वाचन आयोग ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा दो अगस्त को दिखाए गये मतदाता पहचान पत्र को फर्जी घोषित किया।

03. गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियों के जलस्तर में लगतार वृद्धि से पटना, बक्सर, शेखपुरा, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर।

04. राजगीर में खेली जा रही एशिया रग्बी अंडर टवेंटी सेवेंस प्रतियोगिता में भारत ने दोनों वर्गों में अपना पहला मैच जीता।

05 और, भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पाँच लड़ाकू विमान मार गिराए। बेंगलुरु में आज आयोजित 16वें एयर चीफ मार्शल एल.एम. कात्रे व्याख्यान को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी वायु सेना के पाँच विमान और एक अवाक्स विमान मार गिराया। उन्होंने कहा कि कम से कम पाँच लड़ाकू विमानों को मार गिराने की पुष्टि हुई है। उन्होंने शाहबाज़ जैकबाबाद हवाई अड्डे पर हुए हमलों का भी ज़िक्र किया, जिसमें हमारी मिसाइलों ने एफ–16 जैसे कुछ विमानों को नष्ट कर दिया था। उन्होंने बताया कि भारतीय हमले सोच–समझकर किए गए थे और तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण समन्वय था। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणालियों ने शानदार काम किया।

---

निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा दो अगस्त को संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिखाए गये मतदाता पहचान पत्र को फर्जी घोषित किया है। दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन अधिकारी– ईआरओ ने तेजस्वी यादव को सोलह अगस्त की शाम पांच बजे तक इस मतदाता पहचान पत्र को आयोग कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया है। ईआरओ ने पत्र जारी करके कहा है कि तेजस्वी यादव द्वारा प्रदर्शित मतदाता पहचान पत्र की गहन जाँच की गई है।

उन्होंने कहा कि आयोग ने इस पहचान पत्र संख्या वाला कोई मतदाता पहचान पत्र जारी नहीं किया है और यह फर्जी है। ईआरओ ने पहले इस मामले में तेजस्वी यादव को दो नोटिस जारी करके संबंधित मतदाता पहचान पत्र जमा करने का निर्देश दिया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————————————

इधर, निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों से अब तक कोई दावा—आपत्ति नहीं मिली है। एक सितम्बर तक दावा—आपत्ति के लिए आवेदन लिये जा सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानूसन की सक्रियता के कारण बारिश की परिस्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में सबसे अधिक पटना के फतुहा में एक सौ पांच दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग के अनुसार आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, और किशनगंज जिले के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के उत्तरी भाग के जिलों के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

———————————————————————————

इधर, नदियों में भारी उफान के कारण पटना, बक्सर, मधुबनी, शेखपुरा, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गयी है। गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी से पटना जिले के दियारा इलाके में बाढ़ की स्थिति गम्भीर हो गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि दानापुर के पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर, मानस और अकीलपुर पंचायत के विभिन्न गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से दियारा क्षेत्र का सड़क संपर्क भंग हो गया है।

———रिपोर्ट———

बक्सर जिले के ब्रहमपुर प्रखंड के दियारे इलाके में गंगा के बढ़ते जल स्तर से उतरी इलाके मे सड़क संपर्क भंग हो गया है। ब्रहमपुर नैनीजोर सड़क पर दो जगहो पर पानी चढ़ जाने से यातायात प्रभावित हो गया है गगा सही धर्मावती नदी और गोकुल जलासय में बाढ़ का पानी  भरने के कारण क्षेत्र की एक दर्जन गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय टूट गया है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ पीड़ितों के सहायता के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

भागलपुर जिले में भी गंगा के बढ़ते जलस्तर से कई प्रखंडों के दर्जनभर गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। दियारा इलाका पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। अब बाढ़ का पानी शहरी इलाकों में भी फैलने लगा है। नाथनगर से श्रीरामपुर होते हुए दियारा जाने वाली सड़क पूरी तरह जलमग्न है। वहीं, भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में गंगा नदी का पानी प्रवेश कर जाने से कॉलेज प्रशासन ने हॉस्टलों को खाली कराते हुए अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया है। बाढ़ के कारण टी एम बी यू प्रशासन की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। विद्यार्थियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, बाढ़ प्रभावित टोलों के लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से उनचास नावों का परिचालन करवाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए नाथनगर, सबौर, सुल्तानगंज और साहकुंड में दो सामुदायिक किचन शुरू किया गया है। दूसरी ओर राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से हवाई अड्डा के बाढ़ पीड़ितों को पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में शिफ्ट कर दिया गया है। इधर, नाथनगर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में 15 वर्षीय युवक रौशन कुमार की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण पांच प्रखंडों के लगभग तीस गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

–––बाईट–––

गंगा के जलस्तर में लगातर वृद्धि से जिले के पांच प्रखंडों के लगभग 30 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। सदर प्रखंड के जाफरनगर, कुतलुपुर, टिकारामपुर पंचायत में कई दिनों से बाढ़ का पानी रहने के कारण ग्रामीणों ने ऊँचे स्थानों की और पलायन करना शुरू कर दिया है। जिला प्रसाशन द्वारा मुहैया नाव से ग्रामीण अपनी जरूरत का समान लेकर आश्रय स्थल की और जा रहे हैं। बरियारपुर प्रखंड के कई गावों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। वहीं, बरियापुर प्रखंड प्रथामिकी स्वास्थ्य केंद्र और प्रखंड कार्यालय पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिर गया है। धरहरा प्रखंड में एनएच अस्सी  किनारे बहाचोकी, हेमजापुर और शिवकुण्ड पंचायत में लोगों के घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। वही बाढ़ की स्थिति को देख जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पीकर ने गंगा में मोटर बोट से कुतलुपुर पंचायत का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया की 24 घंटे में बाढ़ में कमी आयी है और आने वाले दस से बारह घंटे में जलस्तर और कम होगा। उन्होंने कहा 11 जगहों पर सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ पॉलीथिन सीट दिया जा रहा और एक सौ सात नाव बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, कटिहार जिले में गंगा, कोसी, बरंडी और कारी कोसी नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले की सभी नदियों के जलस्तर में वृद्धि से कुरसेला प्रखंड के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। रिहायशी इलाके की ओर भी पानी बढ़ने लगा है। राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस के पास कोसी नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर पहुंच गया है, जिससे ग्वालटोली में हनुमान मंदिर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग इकतीस पर रिसाव होने लगा है जिसे रोकने को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। वहीं कुर्सेला प्रखंड के बालू टोला, मलिनिया मिर्जापुर कमलाकाही, तीनधरिया, गांधी घर बिंद टोली जैसे गांव के लोग घर छोड़कर सड़क और बांध तथा सुरक्षित जगहों पर शरण ले चुके हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि घाटकुसुंभा प्रखंड से गुजरने वाली गंगा की सहायक हरोहर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे प्रखंड क्षेत्र की

पानापुर पंचायत के सभी गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सड़कों पर पानी चढ़ने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों के बीच नाव से जरूरी सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गंगा, कोसी, बूढ़ी गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण परबत्ता, गोगरी, बेलदौर और सदर प्रखंड की कई पंचायतों और खगड़िया नगर निकाय क्षेत्र के वार्ड नम्बर–तीस तक पानी फैल गया है।

———————————————————————————

राजगीर के अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में खेले जा रहे एशिया रग्बी अंडर टवेंटी सेवेंस के मुकाबले आज शुरू हुये। चौंपियनशिप और पुरुष वर्ग के पहले मैच में श्रीलंका ने हांगकांग को पराजित किया। इसी वर्ग में भारत ने जीत से अपने अभियान की शुरुआत की। भारत ने सत्रह के मुकाबले चौबीस अंक प्राप्त कर संयुक्त अरब अमीरात को हराया। पुरुष वर्ग के ही दूसरे मुकाबले में दोपहर में खेले गये एक अन्य मैच में श्रीलंका ने भारत को पराजित कर दिया। इधर, महिला वर्ग में भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में कजाकिस्तान को हरा दिया।

———बाईट———

आज पुरुषों के शुरुआती चार मुकाबलों में बडे उलटफेर, कांटे की टक्कर और शानदार खेल देखने को मिला। अपने दूसरे मुकाबले में हांगकांग ने संयुक्त अरब अमीरात को सताईस – शून्य से पराजित किया। वहीं उजबेकिस्तान और कजाकिस्तान के बीच हुए मैच में उजबेकिस्तान का पलड़ा भारी रहा। उजबेक टीम ने 12–0 से जीत दर्ज की । मलेशिया की टीम को कजाकिस्तान के साथ हुए मैच में बराबरी से संतोष करना पड़ा जबकि मलेशिया ने एक अन्य मुकाबले में चीन को पराजित कर दिया। महिलाओं के मुकाबले में चीन ने श्रीलंका को 55– शून्य के बड़े अंतर से पराजित किया। वहीं श्रीलंका ने अगले मैच में नेपाल को हराकर बढ़त बनाई। नेपाली लडकियों के लिए आज शुरुआती दिन अच्छा नहीं रहा क्योंकि पहले मुकाबले में उन्हें उजबेकिस्तान ने हरा दिया। आज कुल 24 मुकाबले खेले जाने हैं जो रात्रि पौने नौ बजे तक जारी रहेंगे। चौंपियनशिप का फाइनल मैच कल खेला जायेगा।

आकाशवाणी समाचार के लिए बिहारशरीफ से निरंजन कुमार।

———————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने झारखंड को पटना जोन से अलग कर दिया है। वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाली दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा अलग–अलग जोन स्तर पर आयोजित होगी। शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस की बोर्ड परीक्षा में पटना जोन में केवल बिहार के विद्यार्थी ही शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में पटना जोन में बिहार के एक हजार तीन सौ तीस और झारखंड के छह सौ नब्बे स्कूल पंजीकृत है।

———————————————————————————

रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत यात्रियों को वापसी यात्रा पर बीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस योजना के तहत छूट तब लागू होगी जब आने–जाने दोनों यात्राओं के लिए एक ही यात्री–समूह के लिए टिकट बुक किए जाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत बुक टिकटों

पर किराया लौटाया नहीं जाएगा। इस योजना के तहत तेरह अक्तूबर की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की चौदह तारीख से शुरू होगी। वापसी यात्रा के टिकट बुक करते समय साठ दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

———————————————————————————

भाई—बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक———

इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं। इधर, रक्षा बंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश और प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वन विभाग रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित इको पार्क में वृक्ष को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

रक्षाबंधन के अवसर पर आज और कल दो दिन तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में महिलाओं और छात्राओं के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। निगम के अनुसार इसमें पिंक, साधारण, डिलक्स और नगर सेवा की बसें भी शामिल हैं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. वायु सेना प्रमुख ए. पी. सिंह ने कहा— ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पांच लड़ाकू विमानों सहित छह पाकिस्तानी विमान मार गिराए।

02. निर्वाचन आयोग ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा दो अगस्त को दिखाए गये मतदाता पहचान पत्र को फर्जी घोषित किया।

03. गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियों के जलस्तर में लगतार वृद्धि से पटना, बक्सर, शेखपुरा, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर।

04. राजगीर में खेली जा रही एशिया रग्बी अंडर टवेंटी सेवेंस प्रतियोगिता में भारत ने दोनों वर्गों में अपना पहला मैच जीता।

05 और, भाई—बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।